प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.10.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. छोटी दीपावली को लेकर राज्य भर में खरीदारी के लिए आज भी उमड़ी भीड़, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के साथ प्रशासन ने पटाखा विक्रेताओं को सुरक्षा मानकों का अनुपालन करने का दिया निर्देश।
2. देश ने पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक विकसित की, दवा विशेष रूप से कैंसर रोगियों और अनियंत्रित मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक।
3. बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर बार्डर से सटे झारखंड के 10 जिलों में सतर्कता बढ़ी, मादक पदार्थों और नगदी पर नजर रखने का झारखंड पुलिस मुख्यालय ने जारी किया निर्देश।
4. दिवाली और छठ पर्व के दौरान मौसम रहेगा शुष्क, 20 और 21 अक्टूबर को दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सो में बादल छाए रहने की संभावना।
5. पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज खेला जा रहा है।

******************

छोटी दीपावली को लेकर रांची सहित पूरे राज्य में उल्लास का माहौल है। बाजार में खरीदारी जारी है। आज भी रांची के प्रमुख बाजारों में पटाखों और मिठाईयों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ प्रतिष्ठानों में देखी जा रही है। भीड़ को देखते हुए जिला प्रशाासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है। वहीं जिला प्रशासन की ओर से पटाखा विक्रेताओं के लिए भी गाइड लाइन जारी किया गया है कि वे जारी दिशा निर्देशों व सुरक्षा मानकों का पालन करे। अगर कोई आपात स्थिति आती है तो रांची में नियंत्रण कक्ष के नंबर 0651–2215855 पर संपर्क कर सकते है।

******************

उत्तंर प्रदेश की पवित्र अयोध्या नगरी नौंवे दीपोत्सव के भव्य आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। भगवान श्रीराम के घर वापस आने की खुशी में आज शाम अयोध्या नगरी दीपों से झिलमिलाएगी। पूरे शहर में 26 लाख से अधिक दिये जलाकर पिछले साल का रिकार्ड तोड़ने की तैयारी है। इस वर्ष राम की पौड़ी सहित 56 घाटों पर मिट्टी के दीपों की रोशनी से पवित्र सरयू नदी पर एक दिव्य दृश्य का नज़ारा होगा।

******************

दिवाली में राजधानी रांची के प्रमुख अस्पतालों रिम्स और सदर को हाई अलर्ट पर रखा गया है। पटाखों से जलने और अगलगी की घटनाओं से निपटने के लिए डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की विशेष ड्यूटी लगाई गई है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि त्योहार का मौसम शुरू हुआ है। त्योहार के इस उमंग को कई गुना करने के लिए राज्य सरकार द्वारा मईयां सम्मान योजना की राशि सभी लाभुकों को भेजी जा रही है।

******************

जीएसटी रिफॉर्म होने के बाद हजारीबाग में वाहनों की जोरदार खरीदारी हुई। जिले में करीब साढे चार सौ से अधिक गाड़ियों की बिक्री हुई। एक ग्राहक ने कहा कि जीएसटी का लाभ मिलने से कीमतों में कमी आई है। इसलिए खरीदारी बढ़ी है।

******************

दीपावली को लेकर उत्साह चरम पर है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि .हजारीबाग में इस बार स्वदेशी सामान खरीदने के लिए लोग एक दूसरे को प्रेरित कर रहे हैं।

******************

विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा है कि दवा और बायोटेक्नॉलोजी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपनी पहली स्वदेशी एंटीबायोटिक दवा नेफिथ्रोमाइसिन विकसित कर ली है। उन्होंने कहा कि यह एंटीबायोटिक दवा प्रतिरोधी श्वसन संक्रमणों को समाप्त करने के लिए प्रभावी है। यह दवा विशेष रूप से कैंसर रोगियों और अनियंत्रित मधुमेह रोगियों के लिए लाभदायक है।

******************

बिहार विधान सभा चुनाव निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त हो इसे लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से भी सर्तकता बरती जा रही है। आईजी अभियान डॉ. माइकल राज एस ने बिहार बार्डर से सटे झारखंड के 10 जिले के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में आईजी अभियान ने इन सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि वे बिहार के वांछित लोगो की तलाश कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करे । इसके साथ ही बार्डर क्षेत्र में बनाए गए चेक पोस्ट पर मादक पदार्थों की तस्करी, नगद लाने ले जाने पर भी नजर रखने का निर्देश दिया है।

******************

झारखंड में घाटशिला उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इस चुनाव में भाजपा और झामुमो–कांग्रेस गठबंधन के बीच सीधी टक्कर मानी जा रही है। दोनों दलों ने दिवाली के तुरंत बाद अपने अपने स्टार प्रचारकों को मैदान में उतारने की योजना बना ली है। घाटशिला उपचुनाव के लिए अबतक कुल 7 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने बताया कि नामांकन की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। 22 अक्टूबर को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी।

******************

रांची सहित राज्य के अन्य जिलों में इस बार धान की खरीदारी एक दिसंबर से की जाएगी। इसके लिए खरीद केंद्रों का चयन और मिलरों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। जिले में मिलरों का रजिस्ट्रेशन होने के बाद धान अधिप्राप्ति केंद्रों से उन्हें जोड़ा जाएगा, ताकि प्राप्त धान को सीधे मिल में भेजा जा सके। रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने झारखंड राज्य खाद्य निगम के महाप्रबंधक को धान की खरीदारी से पूर्व मिलरों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया है, ताकि रजिस्टर्ड मिलर के पास ही धान पहुंचे।

******************

खूंटी जिले के दक्षिणी अड़की प्रखंड के जंगलों के बीच बसे चलकद गांव में अब विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। यहां ग्रामसभा के लोग स्वयं लेमनग्रास से तेल निकाल रहे हैं।

******************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव एक लाख 20 हजार 800 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 85 हजार रुपये प्रति किलो है।

******************

राज्य में दिवाली और छठ पर्व के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। लेकिन कुछ क्षेत्रों में बारिश खलल डाल सकती है। मौसम विभाग के अनुसार 20 व 21 अक्टूबर को झारखंड के दक्षिणी और पश्चिमी हिस्सो में आकाश में बादल छाए रहेंगे। कही कही मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है।

******************

पर्थ में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन एक दिवसीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला का पहला मैच आज खेला जा रहा है। वर्षा के कारण मैच कुछ देर बाधित हुआ है। समाचार लिखे जाने तक भारत ने 16.2 ओवर में चार विकेट पर 51 रन बना लिए थे। इससे पहले, मेजबान ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया।

*******************